Hindustan (Hindi) Page No.-06 Date:-21.06.2019

दाखिला पोर्टल कल रात 12 बजे बंद हो जाएगा

मौका

नई दिल्ली | वरिष्ठ संवाददाता

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने स्नातक, परास्नातक व एमफिल-पीएचडी में दाखिले के लिए 30 मई से आवेदन आमंत्रित किए थे। इस सत्र में दाखिले के लिए छात्र शनिवार देर रात 11.59 तक दाखिला पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

वहीं, अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली में स्नातक, परास्नातक की एक हजार सीटों में दाखिला के लिए सोमवार तक आवेदन किया जा सकता है।

स्नातक में साढ़े तीन लाख पार आवेदन का आंकड़ा : डीयू के मेरिट आधारित स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन करने वाले छात्रों की संख्या गुरुवार तक साढ़े तीन लाख पार कर गई है। डीयू से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम 5:30 बजे तक कुल 356646 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया है, जबकि इसी समयावधि तक 247737 छात्र शुल्क जमा कर अपनी आवेदन प्रक्रिया पूरी कर चुके हैं।

एयूडी में 24 तक आवेदन

अंबेडकर विश्विविद्यालय दिल्ली (एयूडी) ने स्नातक-परास्नातक सीटों की कुल 1059 सीटों में दाखिला के लिए 3 मई से आवेदन आमंत्रित किए थे। इसके तहत 24 जून तक आवेदन करने की अंतिम तिथि निर्धारित है। निर्धारित तारीख तक छात्र इसकी वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। नौ जुलाई को स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए पहली कटऑफ जारी होगी। जो 12वीं कक्षा के प्राप्तांक के आधार पर तैयार होगी।

एसओएल में 31 जुलाई तक मौका : डीयू के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) से स्नातक करने के लिए 31 जुलाई तक आवेदन किया जा सकता है। एसओएल ने 1 जून को स्नातक के बीए प्रोग्राम, बीकॉम, बीकॉम ऑनर्स, बीए ऑनर्स अंग्रेजी और बीए ऑनर्स राजनीतिशास्त्र के लिए 1 जून से आवेदन आंमत्रित किए थे। जिसके तहत एसओएल की वेबसाइट पर जाकर 31 जुलाई तक आवेदन किया जा सकता है।